वर्ष- 02 अंक- 301
छपरा
20 सितंबर शनिवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा..., राहुल गांधी ने फिर चुनाव आयोग पर साधा निशाना




**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को एकबार फिर से चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग का नाम लिए बिना कहा कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा। उनकी यह टिप्पणी वोट चोरी के मुद्दे पर अपने हमले को तेज करने के एक दिन बाद आई है। जिसमें उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र को नष्ट करने वालों को रक्षा करने का आरोप लगाया था।

राहुल गांधी ने कल की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस का 36 सेकेंड का वीडियो साझा करते हुए लिखा कि सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ - ऐसे भी हुई वोट चोरी! चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा। गांधी 36 सेकंड के वीडियो में कथित वोट चोरी की कार्यप्रणाली के बारे में बता रहे हैं।

इससे पहले गुरुवार शाम को एक पोस्ट में राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा था कि देश के युवा, देश के छात्र, देश की जेन जी, संविधान की रक्षा करेंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी रोकेंगे। मैं हमेशा उनके साथ खड़ा हूं। जय हिंद!

प्रेस वार्ता के बाद राहुल गांधी ने देर शाम सोशल मीडिया पर कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बहाने बनाना बंद करके। सबूत कर्नाटक सीआईडी को तुरंत देने चाहिए। राहुल ने कहा कि जब कांग्रेस के अलंद के उम्मीदवार ने धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया, तो स्थानीय चुनाव आयोग के अधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज की, लेकिन सीआईडी जांच को सीईसी ने रोक दिया।

कर्नाटक सीआईडी ने 18 महीनों में 18 पत्र लिखकर सभी सबूत मांगे, लेकिन सीईसी ने उन्हें रोक दिया।कर्नाटक चुनाव आयोग ने जांच के लिए ईसीआई से कई बार अनुरोध किया, लेकिन सीईसी ने उसे भी रोक दिया।नाम डिलीट करने वाले डेस्टिनेशन आईपी, डिवाइस पोर्ट और ओटीपी के विवरण को छिपाया गया है सीईसी ने इसे रोक दिया। अगर यह वोट चोरी पकड़ी नहीं जाती और 6,018 वोट डिलीट हो जाते, तो कांग्रेस का उम्मीदवार चुनाव हार सकता था।

## आयोग ने आरोपों का किया खंड़न

राहुल गांधी की वोट चोरी फैक्टरी प्रेस वार्ता के 30 मिनट के भीतर की चुनाव आयोग ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में इन्हें गलत बताया और इन आरोपों का खंडन किया था। चुनाव आयोग ने कहा था कि जैसा भ्रम प्रचारित किया जा रहा है। किसी भी आम आदमी के मत को ऑनलाइन हटाया नहीं जा सकता है। इसके लिए बकायदा प्रक्रिया है, जिसका पालन किया जाना आवश्यक है। जिसका भी वोट कटेगा उसे अपनी बात कहने का मौका दिया जाता है। बिना सुनवाई के विलोपन संभव ही नहीं है। चुनाव आयोग ने कहा था कि उनके संज्ञान का मामला है कि 2023 के विधानसभा चुनावों में कर्नाटक के अलंद में कुछ मतों को हटाने के असफल प्रयास किए गए थे। इस मामले में जांच के लिए चुनाव आयोग ने ही प्राथमिकी दर्ज कराई थी। चुनाव आयोग ने कहा कि अलंद विधानसभी सीट पर 2018 में भाजपा के सुभाष गुट्टेदार की जीत हुई। जबकि 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बीआर पाटिल की जीत हुई। आयोग के सूत्रों ने कहा यह मामला 2023 का था, उस पर आयोग पहले ही कार्रवाई कर चुका है, ऐसे में उनके द्वारा लगाए गए सभी आरोप, मुख्य चुनाव आयुक्त की छवि को खराब करने के लिए लगाए गए कुत्सित प्रयास हैं। राहुल गांधी ने कहा था कि फर्जी आईडी बनाकर मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से डिलीट किए गए। उन्होंने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं। उन्हें बचा रहे हैं। उन्होंने लक्षित करके महिलाओं, दलितों, ओबीसी और आदिवासी मतदाताओं को मत काटने का भी आरोप लगाया।

## राहुल के बयान पर नेताओं ने क्या कहा...

- गिरिराज सिंह- केंद्रीय मंत्री भारत कभी भी अर्बन नक्सल को स्वीकार नहीं करेगा। राहुल देश को गृह युद्ध में फंसाना चाहते हैं। कभी मुस्लिम को भड़काते हैं तो कभी उल-जलूल बातें करते हैं। इसके लोग बांग्लादेश की बात करते हैं।
- निशिकांत दुबे, सांसद मैं आलंद चुनाव के पार्टी इन्चार्ज था, मुझे विश्वास था कि वह सीट भाजपा जीतेगी, क्योंकि कांग्रेस ने कभी वह सीट जीती ही नहीं थी। अगर वाकई वोट चोरी हुई है तो कांग्रेस को इलेक्शन कमीशन का धन्यवाद करना चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने आजादी के बाद पहली बार आलंद सीट जीती।
- रविशंकर प्रसाद, सांसद -राहुल गांधी लगातार झूठ बोल रहे हैं और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। वे देश की लोकतांत्रिक परंपराओं से विश्वासघात कर रहे हैं। राहुल ने विपक्ष के नेता (LoP) के पद की गरिमा को भी गिरा दिया है।

## ऐसे मुद्दे चुनाव हारने के बाद ही उठाते हैं, राहुल गांधी के वोट-चोरी के आरोप पर अजित पवार का पलटवार



**नागपुर ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के केंद्र सरकार पर वोट चोरी के आरोपों ने देशभर में बयानबाजी का बाजार गर्म कर रखा है। ऐसे में अब इस मामले में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए बेमतलब और बेतुका बताया। पवार ने कहा कि विपक्षी दल ऐसे मुद्दे सिर्फ चुनाव हारने के बाद ही उठाते हैं। पवार ने ये बात नागपुर एयरपोर्ट पर एनसीपी के चिंतन शिविर से पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। बता दें कि वोट चोरी के आरोपों को लेकर एक बार फिर गुरुवार को राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने उन लोगों को बचा रहे हैं जिन्होंने लोकतंत्र को नष्ट किया है। उन्होंने कर्नाटक की एक विधानसभा सीट का हवाला देते हुए दावा किया कि कांग्रेस समर्थकों के वोट चुनाव से पहले योजनाबद्ध तरीके से हटाए जा रहे हैं।

## दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दो शूटर गिरफ्तार

### यूपी के बागपत के रहने वाले; गैंग लीडर ने पुलिस को चैलेंज दिया- बदला लेंगे



**बरेली,एजेंसी।** यूपी के बरेली में एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दो और शूटरों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को दोनों शूटरों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है। इनके नाम नकुल सिंह और विजय तोमर हैं। दोनों बागपत के रहने वाले हैं। इन पर एक-एक लाख का इनाम था।

दोनों ने 11 सितंबर को दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की थी। एक सीसीटीवी भी सामने आया था। इसमें वे बाइक पर जाते हुए नजर आ रहे हैं। बरेली पुलिस ने दिल्ली पुलिस से संपर्क किया है। दोनों शूटरों को बी-वारंट पर बरेली लाया जाएगा।

## भारत अपने पड़ोसियों के साथ रिश्तों के मामले में भाग्यशाली नहीं रहा : राजनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के 60 वर्ष पूरे होने पर साउथ ब्लॉक में उस युद्ध में शामिल हुए अधिकारियों और सैनिकों के साथ शुक्रवार को बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ रिश्तों के मामले में कभी भी भाग्यशाली नहीं रहा है, लेकिन हमने इसे नियति नहीं माना है। किसी भी राष्ट्र का वास्तविक भाग्य खेतों, कारखानों, प्रयोगशालाओं में और रणभूमि में बहाए गए पसीने से बनता है। भारत अपना भाग्य किसी और के भरोसे नहीं छोड़ता, भारत अपना भाग्य खुद गढ़ता है। इसका एक उदाहरण हमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक बार फिर देखने को मिला।उन्होंने कहा कि 1965 का युद्ध कोई छोटा-मोटा संघर्ष नहीं था, बल्कि वह भारत की ताकत की परीक्षा थी।

## रैली से संपत्ति को नुकसान हुआ तो करनी होगी भरपाई

### अदालत ने सरकार को नियम बनाने के दिए निर्देश

**चेन्नई,एजेंसी।** मद्रास हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह राजनीतिक दलों की जमा सुरक्षा राशि वसूलने के लिए दिशानिर्देश बनाए, जब भी वे सार्वजनिक सभाएं या इस तरह के आयोजन करना चाहते हैं। इस राशि का उपयोग पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सार्वजनिक व निजी संपत्तियों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए किया जाएगा। जस्टिस एन. सतीश कुमार ने अतिरिक्त लोक अभियोजक ई. राज तिलक ने कहा कि वह 24 सितंबर तक ऐसे दिशानिर्देशों की रिपोर्ट पेश करें, जो उन सभी राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों/संघों पर लागू हों, जो सार्वजनिक बैठकें, रैली आदि आयोजित करना चाहते हैं। कोर्ट ने यह निर्देश उन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जारी किया, जिनमें राजनीतिक दलों के बड़े जमावड़ों के दौरान सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। साथ ही इस तथ्य को भी ध्यान में रखा गया कि प्रभावित लोगों को अक्सर हुए नुकसान की भरपाई नहीं मिल पाती।

## यासीन मलिक के दावों पर भाजपा का हमला,

## अमित मालवीय ने यूपीए सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल



**कोलकाता,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के आतंकी यासीन मलिक की ओर से दिल्ली उच्च न्यायालय में हाल ही दिये गये हलफनामें में किये गये दावे के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नीत तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किये हैं।

यायीन मलिक के दावे पर भाजपा ने कांग्रेस नेतृत्व वाली तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के आईटी सेल प्रमुख और पश्चिम बंगाल के सह प्रभारी अमित मालवीय ने ट्वीट कर कहा कि यासीन मलिक एक कुख्यात आतंकी है, जिसने भारतीय वायुसेना के जवानों को गोली मारकर मौत के घाट उतारा। यह सीधे राष्ट्र के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसा अपराध है और ऐसे आतंकी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जा सकता।

मालवीय ने अपने ट्वीट में सवाल उठाते हुए कहा कि अगर यासीन मलिक का यह दावा सही है, तो यह यूपीए सरकार की राष्ट्रीय सुरक्षा और बैक-चैनल डिप्लोमेसी को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह साफ करना चाहिए कि आखिर किस आधार पर एक कुख्यात आतंकी से इस तरह की बातचीत करवाई गई और फिर प्रधानमंत्री स्तर पर उसका आभार जताया गया।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की आतंकवाद के प्रति नीति और पाकिस्तान से निपटने की रणनीति को कटघरे में खड़ा करते हुए मालवीय ने कहा कि कांग्रेस राज में आतंकियों को प्रधानमंत्री लेवल पर शुक्रिया अदा किया जाता रहा है।

उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) का आतंकी यासीन मलिक, जो आतंकी फंडिंग मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है, उसने हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर हलफनामे में दावा किया है कि वर्ष 2006 में पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक और 26/11 हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद से उसकी मुलाकात तत्कालीन भारतीय खुफिया एजेंसियों के कहने पर हुई थी और बाद में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने उसे धन्यवाद भी दिया था।



# बानू मुश्ताक ही करेंगी मैसूरु दशहरा उत्सव का उद्घाटन, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

### याचिकाकर्ताओं का कहना था कि गैर-हिंदू को परंपरागत पूजा-अर्चना का अधिकार देना अनुचित



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने इस वर्ष मैसूरु दशहरा के उद्घाटन के लिए बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को आमंत्रित करने के कर्नाटक सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। इस मामले में याचिकाकर्ताओं का कहना था कि गैर-हिंदू को परंपरागत पूजा-अर्चना का अधिकार देना अनुचित है। बता दें कि कर्नाटक हाईकोर्ट ने पहले ही इस मामले को खारिज कर दिया था। सप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में याचिकाकर्ताओं ने कहा था कि दशहरा 22 सितंबर से शुरू हो रहा है, इसलिए मामले की तुरंत सुनवाई जरूरी है। उनका तर्क है कि एक गैर-हिंदू द्वारा अग्रेश्वरी पूजा करना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। जिसके बाद मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की थी।

**दलील सुनते ही खारिज कर दी याचिका :** शुक्रवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने संक्षिप्त सुनवाई के बाद मामले को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पीबी सुरेश ने दलील दी कि किसी गैर-हिंदू व्यक्ति को पूजा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस पर न्यायमूर्ति नाथ ने फैसला सुनाया...खारिज।

इसके बाद सुरेश ने दलील दी कि मंदिर के अंदर पूजा करना धर्मनिरपेक्ष कृत्य नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से राजनीतिक है... कोई कारण नहीं कि उन्हें धार्मिक गतिविधि के लिए मंदिर के अंदर लाया जाए। उनकी दलील पर न्यायमूर्ति नाथ ने फिर दोहराया...बर्खास्त। वरिष्ठ वकील ने बिना किसी हिचकिचाहट के आगे आरोप लगाया कि आमंत्रित व्यक्ति ने अतीत में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। वकील ने आगे कहा कि ऐसे व्यक्ति को आमंत्रित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति नाथ ने फिर दोहराया कि मामला खारिज कर दिया गया है। न्यायमूर्ति नाथ ने टिप्पणी करते हुए कहा, हमने तीन बार बर्खास्त कहा है।

## हाईकोर्ट ने किया था याचिकाओं को खारिज

15 सितंबर को कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले पर दायर चार जनहित याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इनमें से एक याचिका भाजपा के पूर्व सांसद प्रताप सिंघा ने दायर की थी। अदालत ने साफ कहा था कि किसी अलग धर्म के व्यक्ति द्वारा राज्य सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करना संविधान या किसी कानूनी प्रावधान का उल्लंघन नहीं है। तीन सितंबर को मैसूरु जिला प्रशासन ने औपचारिक रूप से मुश्ताक को उद्घाटन का आमंत्रण दिया था। इसके बाद भाजपा और अन्य विरोधी समूहों ने कड़ा एतराज जताया। उनका कहना है कि मुश्ताक ने पहले भी ऐसे बयान दिए हैं जिन्हें हिंदू विरोधी और कन्नड़ विरोधी माना गया है।

## नाबालिग के निजी अंगों को छूना यौन हमला नहीं; सुप्रीम कोर्ट ने यौन उत्पीड़न मामले में सजा घटाई



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नाबालिग लड़की के निजी अंगों को सिर्फ छूने के आरोप पर किसी व्यक्ति को दुष्कर्म एवं पेनेट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अपीलकर्ता लक्ष्मण जांगड़े की दोषसिद्धि को संशोधित किया और सजा बीस साल के कठोर कारावास से घटाकर सात साल कर दी। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के 2024 के फैसले के खिलाफ अपील पर विचार करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि सीधा आरोप पीड़िता के निजी अंगों को छूने का था। अपीलकर्ता ने अपने निजी अंगों को भी छुआ था। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले की पुष्टि की थी। पीठ ने कहा, हम पाते हैं कि आईपीसी की धारा 376 एबी और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 6 के तहत दर्ज दोषसिद्धि बरकरार नहीं रह सकती। शीर्ष अदालत ने कहा, ट्रायल कोर्ट के निष्कर्ष और हाईकोर्ट की ओर से बरकरार रखी गई यह धारणा कि 'पेनेट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट' हुआ था, इससे कायम नहीं रह सकती कि न तो मेडिकल रिपोर्ट, न ही पीड़िता के तीन अलग-अलग मौकों पर दिए बयान और न ही पीड़िता की मां के बयान इसका समर्थन करते हैं। अपीलकर्ता को बीस साल के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। लड़की के बयानों का हवाला देते हुए अपीलकर्ता के वकील का तर्क था, पीड़िता के साथ असल में दुष्कर्म नहीं हुआ क्योंकि पेनेट्रेशन नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 भी लागू नहीं होगी क्योंकि पेनेट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट नहीं हुआ था।




# उत्तराखंड में 16 घंटे बाद मलबे से जिंदा निकला शख्स

### हिमाचल के किन्नौर में बादल फटा-लैंडस्लाइड; म.प्र. में सामान्य से 187.96 एमएम ज्यादा बारिश

**नई दिल्ली/देहरादून/शिमला ,एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदनगर में 18 सितंबर की रात बादल फटा था। इसके बाद से 14 लोग लापता थे। कुछ लोग मलबे में दब गए थे। घटना के 16 घंटे बाद एक शख्स को मलबे से जिंदा रेस्क्यू किया गया। यहां पर 200 लोग प्रभावित हुए हैं। 35 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हैं।देहरादून-मसूरी रोड अभी भी क्षतिग्रस्त है। मसूरी में मौजूद 2 हजार के करीब टूरिस्ट्स सेफ हैं। इधर, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में रिहंद बांध इस साल पांचवीं बार ओवरफ्लो हुआ। कौशांबी में बिजली गिरने से 2 महिलाओं की मौत हुई।

वहीं, हिमाचल प्रदेश के किन्नौर के थाच गांव में गुरुवार देर रात बादल फटा। बाढ़ में दो गाड़ियां बह गईं। लोग रात में ही घरों से भागकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे। वहीं, शिमला के एडवर्ड स्कूल के पास भी रात में लैंडस्लाइड हुई।



शिमला की लाइफ लाइन कहे जाने वाली सर्कुलर रोड बंद है। एडवर्ड स्कूल की आज और कल की छुट्टी की गई है। कुमारसैन की करेवथी में भी तीन मंजिला मकान धंसा गया। राज्य में बाढ़-बारिश से अब तक 424 लोगों की मौत हो चुकी है।

मध्य प्रदेश में इस मानसून सीजन औसत 1097.28mm बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश से 187.96mm ज्यादा है। गुना में सबसे ज्यादा 1651mm बारिश हुई। जबकि खरगोन में सबसे कम 665.48mm बारिश हुई।

**हिमाचल- इस मानसून सीजन 46% ज्यादा बारिश :** हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन 1 जून से 18 सितंबर के बीच 1019.4mm बारिश हो चुकी है। जो सामान्य तौर पर 698.3mm होती थी। यानी 46% ज्यादा बारिश हुई है। सबसे ज्यादा 1901.2mm बारिश मंडी जिले में हुई।

**हैदराबाद में तेज बारिश, घरों में घुसा पानी :** हैदराबाद में गुरुवार को हुई तेज बारिश के कारण शहर भर सड़कों में पानी भरा हुआ है। निचले इलाके में मौजूद घरों में भी बारिश का पानी भर गया है।

**मध्य प्रदेश: राजस्थान-गुजरात से लौटने लगा मानसून :** पश्चिमी राजस्थान से मानसून की वापसी होने लगी है।वहीं, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कई जिलों से भी मानसून लौटा है। गुरुवार को भी कई जिलों से मानसून लौट गया। यदि वापसी ही यही रफ्तार रही तो एमपी के भी कई जिलों में ऐसी स्थिति बन सकती है। बता दें कि मध्यप्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी। तब से अब तक औसत 43.2 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 35.8 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से 7.4 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। यह कोटा पिछले सप्ताह ही पूरा हो गया है।

# 10 लाख का प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त

## मारूफ गंज मंडी में सागर ट्रांसपोर्ट के ठिकाने पर छापेमारी, ट्रांसपोर्टर से पूछताछ जारी



**फुलवारीशरीफ, पटना, एजेंसी।** पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को मारूफ गंज मंडी स्थित सागर ट्रांसपोर्ट से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया है। जब्त कफ सिरप की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। इस मामले में ट्रांसपोर्टर से पूछताछ की जा रही है।

**गुप्त सूचना पर पुलिस ने की छापेमारी:**थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मारूफगंज मंडी स्थित एक ट्रांसपोर्ट के जरिए लाखों रुपए का प्रतिबंधित कफ सिरप मंगाया गया है, जिसे आगे सप्लाई किया जाना था। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई।

**4800 बोतलें कोडीन कफ सिरप बरामद:**छापेमारी के दौरान पुलिस ने ट्रांसपोर्ट गोदाम से 4,800 बोतल (100 एमएल) कोडीन कफ सिरप बरामद किया। इसकी कुल अनुमानित कीमत करीब 10 लाख 32 हजार रुपए आंकी गई है।

बरामद बोतलों पर 'हिमाचल प्रदेश निर्मित' का लेबल लगा है, जिससे संकेत मिलता है कि पैकिंग हिमाचल प्रदेश में हुई। अनुमान है कि हिमाचल प्रदेश से ही यह खेप पटना भेजी गई है।

**शराबबंदी के बाद बढ़ी कफ सिरप की तस्करी:**पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद तस्कर नशे के लिए प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीली दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं।


# अफेयर में भाभी ने पति, ससुर, देवर को मार डाला:ननद बोली- मछली में जहर मिलाकर खिलाया, वो किसी और को लाइक करती है

**सासाराम, रोहतास ,एजेंसी।** रोहतास में एक महिला पर पति, ससुर और देवर को खाने में जहर मिलाकर मारने का आरोप लगा है। बुधवार की रात खाना खाने के बाद तीनों की हालत बिगड़ गई।

तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार की सुबह पति विशाल चौधरी(19) और ससुर बेचन चौधरी(48) ने दम तोड़ दिया और आज यानी शुक्रवार को देवर विकास कुमार(14) साल की भी मौत हो गई।

विशाल की बहन अनिता कुमारी का कहना है कि, भाभी ने खाने में जहर मिलाकर पापा और मेरे दोनों भाइयों को मार डाला है।

घटना जिले के अगरेर थाना इलाके की है। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लिया है।



पति-पत्नी

मृतक की बहन अनिता कुमारी ने बताया कि, 29 अप्रैल 2025 को मेरे भाई की शादी धनौती देवी से हुई थी। भाई-भाभी में अकसर विवाद होता रहता था।

भाई को भाभी बिल्कुल भी भाव नहीं देती थी। भाई को शक था कि वो किसी और को पसंद करती है, लेकिन वो ये सोच के सहता रहा कि हर पति-पत्नी में विवाद होता है। आज नहीं तो कल वो सुधर जाएगी।

अनिता ने बताया कि, उसने बताया कि तबीयत बिगड़ने के बाद लड़खड़ाते हुए मेरा छोटा भाई थाने गया था। उसने बताया था कि भाभी ने मछली में जहर डालकर खिला दिया।

बेचन चौधरी मूल रूप से बक्सर के गंगौरा रामपुर के रहने वाले थे वे अपने दो बेटों और बहू के साथ अगरेर में किराए के मकान में रहते थे।वो राजमिस्त्री का काम करते थे।

### डॉक्टर बोले- जहर खाने से हुई मौत

सदर अस्पताल सासाराम के डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि, अगरेर से पिता और उनके दो बेटों को अस्पताल लाया गया था। जांच में पुष्टि हुई कि तीनों की मौत जहर खाने से हुई, जबकि एक की हालत नाजुक थी। जिनकी इलाज के दौरान आज मौत हो गई है।

### पारिवारिक विवाद से थी परेशान

मृतक के परिजन भगवान चौधरी ने बताया कि, गुरुवार की सुबह मुझे जानकारी मिली की बेचन चौधरी की बहू ने खाने में जहर मिला दिया है। जिससे उनके और उनके बेटों की मौत हो गई है। परिजन के अनुसार आरोपी महिला से उसके पति का लंबे समय से पारिवारिक विवाद भी चल रहा था।

# 80 करोड़ गबन केस की जांच को पहुंची टीम, अफसर-कर्मी नदारद

**पटना,एजेंसी।** सहरसा नगर निगम में लगभग 80 करोड़ रुपये के गबन की जांच के लिए बुधवार को पटना से अचानक पहुंची उड़नदस्ता टीम की भनक लगते ही निगम कार्यालय से सभी कर्मी गायब हो गए। जांच अधिकारी की निगम कार्यालय में नगर आयुक्त से भी आमने-सामने मुलाकात नहीं हो सकी और न ही उन्हें निगम से कोई सहयोग मिला।

निगम परिसर स्थित गोदाम में रखी करोड़ों की सफाई संबंधी सामग्रियों की स्थिति देख अधिकारी दंग रह गए। लोगों के घरों से कचरा उठाने के लिए खरीदी गई प्लास्टिक की बाल्टियां हाथ में लेते ही टूटकर बिखरने लगी। जांच अधिकारी ने बताया कि वह पूर्व प्रभारी नगर आयुक्त अनुभूति श्रीवास्तव के कार्यकाल में जेम पोर्टल के जरिए खरीदी गई सभी सामग्रियों और उसमें की गई अनियमितताओं की जांच करने पहुंचे थे।

**गड़बड़ी पाए जाने पर किसी को नहीं छोड़ेंगे:**जांच के पहले दिन जब जांच टीम नगर निगम कार्यालय स्थित नगर आयुक्त कार्यालय वेश्म में पहुंची तो लगभग सभी अधिकारी व कर्मी गायब मिले। बड़े बाबू नीरज वर्मा से जांच टीम ने जेम पोर्टल संबंधी दस्तावेज की मांग की तो उन्होंने असमर्थता व्यक्त की।

बाड़ा बाबू ने कहा कि सहरसा नगर निगम में 300 हाईमास्ट लाइट लगाने की बात कही गई है, लेकिन कहां-कहां लगे हैं इसकी सूची उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। जांच टीम अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि गड़बड़ी पाए जाने पर किसी को छोड़ने वाले नहीं हैं।

# कर्मचारी को अपराधियों ने मारी गोली

## 10 लाख की रंगदारी नहीं देने पर वारदात को अंजाम, कमर के पास लगी बुलेट

**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर में गुरुवार देर रात अपराधियों में गैस पाइप लाइन बिछा रहे कर्मी को गोली मार दिया। कमर के पास बुलेट लगी है। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है।10 लाख की रंद्बदारी नहीं देने पर वारदात को अंजाम दिया है। घटना रोसड़ा थाना क्षेत्र के ऐरौत गांव की है।

पीड़ित अनिल कुमार ने बताया कि दोपहर में चार-पांच बाइक पर सवार होकर अपराधी मौके पर पहुंचे थे। सुपरवाइजर मृत्युंजय कुमार से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। सुपरवाइजर ने कहा कि यह बीपीसीएल का काम है, रंगदारी कहां से देंगे। इसके बाद काम बंद करने की धमकी दी। ट्रैक्टर को साइट से हटा भी लिया गया था। इसके बाद सभी वहां चले गए।



देर रात फिर से पहुंचे और सुपरवाइजर पर गोली चला दी। इस दौरान सुपरवाइजर नीचे गिर गए। मैं पीछे खड़ा था, गोली मुझे लग गई। 2 राउंड फायरिंग की गई। गोली की आवाज सुनने के बाद मौके पर आसपास के लोग पहुंच गए। इस बीच सभी भाग गए। पहले अनुमंडलीय अस्पताल लेकर गए। वहां से डॉक्टरों ने सदर अस्पताल भेज दिया।

### जांच में जुटी पुलिस

इस संबंध में रोसड़ा के डीएसपी संजय सिन्हा ने बताया कि गोलीबारी की घटना में बीपीसीएल के लिए काम कर रहे एक कर्मी को गोली लगी है। इलाज चल रहा है। रंगदारी की बात सामने आ रही है। अभी तक पीड़ित का बयान दर्ज नहीं हुआ है। बयान मिलते ही इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# लापता रिटायर्ड होमगार्ड जवान का शव मिलाघर से नदी किनारे गए थे

**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर के लगूनिया सूर्यकंठ गांव में जमुआरी नदी से एक 80 साल के रिटायर्ड होमगार्ड जवान का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान लगूनिया सूर्यकंठ गांव के वार्ड-38 निवासी देवनारायण साह के रूप में की गई है।

मृतक के भतीजे संजय कुमार साह ने बताया कि देवनारायण साह गुरुवार सुबह टॉयलेट के लिए नदी किनारे गए थे, लेकिन घर नहीं लौटे। परिजनों ने गुरुवार सुबह से ही उनकी तलाश शुरू कर दी थी। नदी किनारे उनकी चप्पल और लोटा मिला था, एसडीआरएफ टीम ने भी नदी में खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

परिजनों ने पूरी रात परेशान होकर गुजारी। शुक्रवार सुबह



जमुआरी नदी में उनका शव उपलाते हुए मिला। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी।

परिजन मौके पर पहुंचे और शव को नदी से बाहर निकाला।घटना की सूचना मुफस्सिल पुलिस को दी गई। मुफस्सिल थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया।

# गांव में एक साथ उठी 2 अर्थी:सांप के काटने से महिला की मौत



**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद में सिमरा थाना क्षेत्र के बैरांव गांव में एक साथ दो अर्थी उठी। यह मंजर देखकर हर किसी की आंखें नम हो गई। जहरीले सांप के काटने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि गांव के ही एक युवक की सड़क हादसे में सासाराम में जान चली गई।

बुधवार देर रात बैरांव गांव में घर में सो रही एक महिला को जहरील सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर गए। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान पिंकू राय की पत्नी मीना देवी(32) के तौर पर हुई है।

**सड़क हादसे में युवक की मौत:**दूसरी घटना सासाराम जिले में हुई है। बैरांव गांव निवासी रामबलेश सिंह के पुत्र रवि कुमार(30) की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि साला गौतम कुमार गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था:**परिजनों के मुताबिक रवि के बहन की सास की मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बुधवार को अपने साले के साथ जा रहा था।

टोल टैक्स के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने अस्पताल में एडमिट कराया। जहां रवि की मौत हो गई। गुरुवार को अंतिम संस्कार के लिए शव को गांव लाया गया।

# दुर्गा प्रतिमा को तोड़ा ,भीड़ ने आगजनी की

## मुस्लिम युवक को पीटा, रस्सी से बांधकर पुलिस के हवाले किया, भारी फोर्स तैनात

**पूर्णिया,एजेंसी।** पूर्णिया के मजगामा हाट में शुक्रवार को मां दुर्गा की मूर्ति में तोड़फोड़ के बाद लोगों का गुस्सा फूटा है। भीड़ ने आगजनी की है। कई दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स बुलाई गई है।

मूर्ति में तोड़फोड़ के आरोप में भीड़ ने एक मुस्लिम युवक को पकड़कर उसकी पिटाई भी की है। लोगों का आरोप है कि युवक ने ही मूर्ति तोड़ी है। पिटाई के बाद लोगों ने युवक के दोनों हाथ रस्सी से बांध दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे छुड़ाया और साथ ले गई।

पुलिस की माने तो युवक ने भी कबूल किया है कि उसने ही मंदिर में तोड़फोड़ की है। हालांकि उसने ऐसा क्यों किया है अभी ये साफ? नहीं हो पाया है।

**गांव वाले बोले- युवक ने कबूल किया कि उसने मूर्तियां तोड़ीं:**गांव के शंकर सिंह ने बताया कि, दुर्गा पूजा को लेकर मजगामा हाट में मां दुर्गा की प्रतिमा बनाई जा रही है। कल रात कुछ लोगों ने मंदिर के अंदर से मुस्लिम युवक को बाहर आते देखा था।

आज सुबह गांव के मंदिर से होकर गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर निर्माणस्थल पर बनाए जा रही मां दुर्गा की क्षतिग्रस्त मूर्तियों पर पड़ी।

इसी के बाद गांव में शोर हुआ।

इसके बाद आसपास के हजारों लोग मंदिर के बाहर जुट गए। मां दुर्गा की प्रतिमा तोड़े जाने पर लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने घटना के विरोध में सड़क पर आगजनी करते हुए उग्र प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**गांव के एक शख्स ने युवक को मंदिर में जाते देखा था:**शंकर सिंह ने आगे कहा, %इस बीच गांव का एक शख्स वहां पहुंचा। उसने बताया कि कल रात उसने मंदिर के अंदर से एक मुस्लिम युवक को निकलते देखा था। उसकी हरकतें संदिग्ध थीं। मगर हड़बड़ी में होने की वजह से उस वक्त गौर नहीं किया। वो उसे देखकर पहचान सकता है।



इसके बाद रूप रंग और कद काठी बताने पर लोगों ने उसी पहचान कर ली। जिसके बाद गुस्साए लोगों ने युवक को पकड़ा और उसकी जमकर पिटाई की।

पिटाई पर पूछताछ में युवक ने बताया कि उसने ही मूर्ति तोड़ी है। जिसके बाद लोगों ने रस्सी से उसके हाथ बांध दिए और फिर उसे गांव में घुमाते हुए सामुदायिक भवन ले जाने लगे। तभी घटना की सूचना पाकर अनगढ़ थाना की पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची।

युवक को भीड़ के बीच से निकाला और सामुदायिक भवन के अंदर ले गए। यहां युवक से पूछताछ चल रही है। पुलिस की पूछताछ में भी युवक ने अपना जुर्म कुबूल लिया है। युवक इसी गांव का रहने वाला है।

### मुखिया बोले- ऐसी घटना बर्दाशत नहीं करेंगे

मजगामा के मुखिया अबू जागीर ने बताया कि, काफी अफसोसजनक घटना है। किसी भी कीमत पर समाज इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यहां सदियों से सभी समुदाय के लोग मिल जुलकर रहते आ रहे हैं। एक दूसरे के त्योहार को मिलकर मनाते हैं।

# गायब 3 लड़िकयां पूर्णिया से रेस्क्यू :नेपाल-बांग्लादेश में बेचने की थी तैयारी

## डील हो चुकी थी : पैसे कमाने के लिए दिल्ली जा रही थीं



**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर के अंगारघाट थाना क्षेत्र से गायब हुई 3 नाबालिग छात्राओं को पुलिस ने पूर्णिया से बरामद कर लिया है। पुलिस ने 2 तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि, लड़कियों को नेपाल और बांग्लादेश में बेचने की तैयारी थी। दलालों ने इसके लिए सौदा भी कर लिया था, लेकिन बेचने से पहले पुलिस पहुंच गई।

तीनों लड़कियां एक ही गांव की रहने वाली हैं। 10 सितंबर को नौकरी की तलाश में अपने घर से निकली थीं, लेकिन रेलवे स्टेशन पर एक महिला तस्कर के चंगुल में फंस गईं।

आरोपियों की पहचान मधेपुरा जिले के रजनीबाग बभनगामा निवासी नीरज कुमार पासवान (32) और पूर्णिया जिले के कप्तान पारा मोहल्ले के अमित कुमार (23) के रूप में हुई है।

छापेमारी के दौरान गिरोह की 2 महिला सदस्य मौके से फरार हो गईं। पूर्णिया से समस्तीपुर लाने के बाद सदर अस्पताल में तीनों लड़कियों का मेडिकल कराया गया।

### दोस्त के कहने पर दिल्ली के लिए निकली थीं लड़कियां

जानकारी के मुताबिक 2 छात्राएं 11वीं और एक 10वीं में पढ़ती हैं। तीनों के घर की आर्थिक हालत ठीक नहीं है। छात्राओं ने पूछताछ के दौरान बताया कि पिता लेबर हैं। राजमिस्त्री के साथ साइट पर गमला धोने का काम करते हैं। किसी तरह से परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

गांव का एक परिवार दिल्ली में रहता है। उसकी बेटी इंटर में पढ़ती है। उसने कहा था कि दिल्ली आ जाओ कुछ काम मिल जाएगा। इसके बाद 10 सितंबर को घर से एक साथ स्कूल के बहाने निकलीं, लेकिन स्कूल नहीं जाकर समस्तीपुर जंक्शन पहुंच गईं। काउंटर पर दिल्ली के लिए टिकट मांगा।

काउंटर पर महिला कर्मी थी। उसने टिकट देने से मना कर दिया और कहा कि तुम लोग दिल्ली क्यों जा रही हो, तुम्हारे साथ कौन-कौन हैं। परिवार के लोग कहां हैं। इसके बाद हम लोग टिकट काउंटर से अलग हट गए। यहीं पर तस्कर गैंग की महिला हमें मिली। उसने परिवार के बारे पूछा और मदद की बात करने लगी। हम लोग उसकी बातों में आ गए।

महिला के साथ एक युवक भी था, जिसका नाम मुकेश था। दोनों ने मुजफ्फरपुर में काम दिलाने की बात कही। सड़क के रास्ते मुजफ्फरपुर ले गयाजी, रात में मीना बाजार घुमाया।

होटल में खाना भी खिलाया। फिर बताया कि यहां पर काम नहीं मिल पाएगा। पूर्णिया में बात हुई है, वहां पर काम मिल जाएगा। तुम लोग हमारे साथ चलो।

### पूर्णिया पहुंचने के बाद पता चला कि हम लोग फंस गए हैं

पुलिस की पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि नौकरी मिलने की लालच में हम उन लोगों के साथ पूर्णिया चले गए। कप्तान पारा में हमें बंद कमरे में रखा गया था।

वहां पर निगरानी के लिए एक महिला को भी तैनात की गई थी। बाहर भी नहीं निकलने दिया जा रहा था। इसके बाद एहसास हुआ कि हम गलत लोगों के चंगुल में फंस गए हैं। बाहर निकलने का रास्ता ढूंढने लगे।

जिस महिला को निगरानी के रखा था, उसकी एक छोटी बच्ची भी थी। उससे दोस्ती बढ़ाई। उसके पास से मोबाइल लेकर अपने घर पर फोन किया। इसके बाद परिजन पुलिस के पास पहुंचे। पूर्णिया पुलिस के सहयोग से 17 सितंबर को बरामद कर लिया।हालांकि छापेमारी के दौरान दोनों महिला और मुकेश मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने अमित और नीरज को गिरफ्तार कर लिया। अमित और नीरज तीनों छात्रों को नेपाल और बांग्लादेश में बेचने के लिए सौदा कर दिया था। वहां से भेजने से पहले पुलिस पहुंच गई।

# कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों का रिपोर्ट कार्ड 27 को

**पटना,एजेंसी।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा संपन्न हो गई है। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच 19 से 26 सितंबर तक होगी। 27 सितंबर को सभी स्कूलों में एक साथ अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में बच्चों का रिपोर्ट कार्ड जारी किया जाएगा। जिला शिक्षा कार्यालय ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों (बीईओ) और विद्यालय अवर निरीक्षकों (बीआरपी) को निर्देश दिया है कि कॉपियों की जांच चिह्नित स्कूल कांप्लेक्स (पंचायत स्तर पर स्थित स्कूल) या अन्य तय स्कूलों में करवाई जाए। मूल्यांकन में अनुभवी शिक्षकों को लगाया जाएगा और यह कार्य हर दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

**मोबाइल रहेगा बंद:**मूल्यांकन के दौरान परीक्षकों को मोबाइल बंद रखने का निर्देश है। केंद्र का मुख्य गेट सुबह 10: 15 बजे बंद कर दिया जाएगा और शाम 4 बजे कार्य समाप्ति के बाद ही खोला जाएगा। परीक्षक लाल कलम से उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करेंगे। प्रधान शिक्षक हरे पेन का इस्तेमाल करेंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी प्रश्न बिना जांचे न रह जाए और अंक सही तरीके से जोड़े जाएं। उत्तर पुस्तिका के अंदर और पहले पृष्ठ पर अंकित अंकों में समानता होनी जरूरी है।



**स्कूल खुले रहेंगे :** मूल्यांकन के दौरान सभी स्कूल नियमित रूप से खुले रहेंगे। शेष शिक्षक क्लास में पढ़ाएंगे। साथ ही, मध्याह्न भोजन भी समय पर बच्चों को उपलब्ध कराया जाएगा।

## सड़क में बने गड्ढे, जलजमाव व कीचड़ से राहगीर परेशान

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी छपरा मुख्य मार्ग पर मांझी चट्टी से बलिया मोड़ तक सड़क उखड़ कर बेहद जर्जर हो गई है तथा सड़क के बीचोबीच दर्जनों स्थानों पर बने गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने की वजह से रोज ब रोज ऑटो व टोटो पलट जा रहा हैं तथा यात्री व राहगीर जख्मी हो रहे हैं। आसपास के लोगों ने बताया कि सड़क पर बने असंख्य गड्ढे से उड़ती धूल व कीचड़ से राहगीरों का चलना फिरना मुश्किल हो गया है। सड़क की बदहाली की वजह से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



## बिजली की करंट लगने से किशोर की मौत

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के अरदेवा गांव में शुक्रवार को बिजली की करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक उक्त गांव निवासी राजीव राम का 12 वर्षीय पुत्र अमित कुमार बताया गया है। परिजनों ने बताया कि अमित घर के बाहर खेल रहा था इसी दौरान वह बिजली के खम्बे में लगाए गए स्ट्रेक तार के सम्पर्क में आ गया, जिसमें सॉर्ट सर्किट से बिजली प्रवाहित हो रही थी। जिस कारण बिजली की करंट लगने से उसकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

## आपसी विवाद में युवक को भाला से किया जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के नौतन में आपसी विवाद को लेकर मारपीट में भाला से हमला में एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। इस दौरान घायल जसवंत कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने कहा कि आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट व भाला से हमला में उसी गांव के जितेन्द्र कुमार सिंह पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

## तीस लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थानाक्षेत्र के मिर्जापुर में पुलिस ने छापामारी करके देशी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार समकालिन अभियान के दौरान थानाक्षेत्र के मिर्जापुर में पंद्रह बोतल में तीस लीटर शराब बरामद किया, इस दौरान शराब तस्कर खैरा, महम्मदपट्टी निवासी दिलीप कुमार व जितेन्द्र साह को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों तस्कर पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा दिया।

## नेपाल मे विद्रोह के कारक और उसका संदर्भ

**दैनिक खोज खबर/पटना।** जब जब सत्ता का आचरण आम जन के मूल संदर्भ या राष्ट के मूल चरित्र के विपरीत होने लगता है तो उस सत्ता का अंत होना तय है। नेपाल के मूल चरित्र और उसके मिजाज को समझना जरूरी है। नेपाल और भारत राजनीतिक रूप से अलग भले हो पर दोनों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि एक रही है। दोनों सनातनी मिजाज के देश है। इस पार अगर गोरखनाथ है तो उस पर पशुपतिनाथ है ।हम उनके जैसे हैं वे हमारे जैसे है। भारत से अपनापन उनके खून मे है। कुछ समय से वामी सत्ता चीन के प्रभाव मे भारत विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन कर रही थी- जो वहाँ के जनमानस को पसंद नही था। इन मिजाजो की चर्चा मैंने इसलिए कि- क्योंकि भारत के कुछ उत्साही- ऐसे ही परिदृश्य की कल्पना भारत मे भी कर रहे है। जैसा कि उन्होंने श्रीलंका और बंगला देश मे हुए विद्रोह के समय किया था। सभी विद्रोहो का मिजाज अलग था। प्रवृत्ति अलग थी। याद कीजिये बंगला देश मे कैसे महिलाओं के अंतर्वस्त्र लहराए गए थे,,, लूट मची थी। वो उनका चरित्र था,,,वो उसी के लिए प्रसिद्ध है। कम कम नेपाल मे ऐसा नही। दूसरी बात कुछ लोगो को छोड़ दें तो अधिकाश भारतीय जनमानस को वर्तमान सत्ता से वैसी समस्या नही है।



विद्रोह के बाद एक आसमंजस नेपाल मे पीएम को लेकर पैदा हुआ विरोधियों का मंतव्य इस पर एक नहीं हो रहा।

**अराजकता का दौर चला**-याद कीजिये फ्रांसीसी क्रांति को- क्रांति तो अपने मानको पर सही थी पर उसके बाद कुछ वर्षों तक जो वहाँ अराजकता का दौर शुरू हुआ और उसके बाद नेपोलियन जैसा तानाशाह उदित हुआ- लेकिन वो कालखंड दूसरा था ये दुसरा है। और फिर नेपाल का मिजाज फ्रांस जैसा नही। खैर सुशीला कार्की ने पीएम पद संभाल लिया है और अच्छी बात ये है कि उन्होंने भारत के प्रति सम्मान दर्शाया है,, जिससे आगे दोनों देशों के बीच एक नया आयाम प्रस्तुत होने संभावना है।

## पीजी थर्ड सेमेस्टर 2022- 24 परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि को विस्तारित करने की मांग

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** 19 सितंबर 2025 शुक्रवार को सामाजिक संगठन भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन एवं सह सचिव सुमित कुमार सिंह ने जेपीयू परीक्षा नियंत्रक के को तकनीकी समस्या के मद्देनजर पोस्ट ग्रेजुएशन सेशन 2022- 24 3ह्रू सेमेस्टर परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि को विस्तारित करने की मांग जेपीयू परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर अशोक कुमार मिश्र से की। उन्होंने परीक्षा नियंत्रण को अवगत कराते हुए कहा कि तकनीकी समस्या के कारण छात्रों के आवेदन विश्वविद्यालय के पोर्टल पर नहीं हो पा रहा है। भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन ने कहा कि नॉन कॉलेजिएट छात्रों के आवेदन विश्वविद्यालय द्वारा जारी वेबसाइट पर नहीं हो पा रहा है। उनका रजिस्ट्रेशन में नॉट फाउंड फ्लैश हो रहा है। जिसके कारण परीक्षा पर पत्र भरने में छात्रों को विलंब हो रहा है।इसलिए छात्र हीत में परीक्षा प्रपत्र के आवेदन की तिथि को विस्तारित करने की कृपा करें।

# गणतंत्र से धनतंत्र तक : क्यों भूल गए हम अपनी ताक़त

**नीरज कुमार।**

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** मालिक नौकर को तनख्वाह देता है जिससे उसकी बीबी-बच्चे का भोजन, कपडे और मकान का खर्च चलता है और नौकर का कर्तव्य होता है कि मालिक की ईमानदारी से सेवा करे। हम लोग मालिक है, क्योंकि प्रधानमन्त्री से लेकर लोक सेवको के भोजन, कपड़े और मकान के लिए हम उनको तलब/तनख्वाह देते हैं। कर्तव्य पालन के लिए उनको अन्य सारी सुविधायें देते हैं और उनसे अपेक्षा करते हैं कि वे ईमानदारी और निष्ठा से हमारी सेवा करें। आपको लग सकता है कि उनकी तनख्वाह के लिए आप कुछ नहीं देते हैं। अमीर लोग टैक्स देते हैं और उसी से लोक सेवकों की तनख्वाह दी जाती है और काम करने के लिए आवश्यक सुविधाएं भी दी जाती है, मगर यह आपकी गलतफहमी है। जब भी आप कुछ खरीदते है (कुछ वस्तुओं को छोड़कर) तो आप उस पर टैक्स देते हैं। गरीब से गरीब आदमी इस तरह अप्रत्यक्ष टैक्स देते है। इसी तरह आपके बून्द-बून्द से सरकारी खजाना भरता है जिससे लोक सेवकों का भरण-पोषण होता है और देश का अन्य खर्च चलता है। अमीर लोगों की आमदनी ज्यादा होती है इसलिए वे प्रत्यक्ष रूप से आयकर (इनकम टैक्स) देते हैं। मगर, केवल उनके आयकर से देश नहीं चल सकता, जब तक कि



यदि आप से अप्रत्यक्ष कर (टैक्स) नहीं लिया जाए। इसलिए आप लोक सेवकों के भरण-पोषण में अपने योगदान को समझें और इस भ्रम से मुक्त हो जाएँ कि लोक सेवकों की रोजी रोटी में आपका कोई योगदान नहीं है। सरकार आपकी मालिक नहीं है। जनतंत्र में सरकार चुनाव के द्वारा आप बनाते हैं। और आप उनको निकाल बाहर कर सकते हैं। जो किसी को बहाल करता है या निकाल बाहर कर सकता है वही मालिक है। सरकार आपका मालिक नहीं, मैनेजर है, जिसको पांच वर्षो के लिए आपने बहाल किया है, पांच साल बाद आप उसको आप उसको पांच वर्षो के लिए फिर बहाल कर सकते है या असंतुष्ट होने पर उसको निकाल कर किसी दूसरे को उसकी स्थान पर बहाल कर सकते हैं। अगर आपने गलत चुनाव किया तो उसका फल भोगेंगे गलत चुनाव इसलिए भी होता है कि आप मालिक हैं, और सरकार मैनेजर का है, जिसका चुनाव आप कर रहे हैं, इस बात को आप समझ नहीं पाते। राजनैतिक दलों ने एक धोखा किया है। धीरे-धीरे उन्होंने आपको समझा दिया है कि वे मैनेजर नहीं मालिक हैं, राजा हैं और यदि वे आप के लिए कुछ करते हैं तो आप पर मेहरबानी करते हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दावा करते हैं कि मैंने तुमको यह दिया या वह दिया। उनका भाव ऐसा होता है जैसे अपनी जेब से वे आपको कुछ दे रहे हैं। क्रमशः आपने भी मान लिया है कि वे लोग आप पर मेहरबानी कर रहे हैं। नतीजा है कि हम लोगों के (सरकार और जनता के) सम्बन्ध उल्टे हो गये हैं- मालिक (जनता), प्रजा और याचक हो गया है और नौकर मैनेजर मालिक बन बैठा है। कहने को हम एक गणतंत्र हैं मगर वास्तव में हम एक धनतंत्र (धनी लोगों का राज) होकर रह गये हैं। इसी का परिणाम है कि नेता और लोकसेवक और पूरा तंत्र हमको तुच्छ समझता है और हमारे साथ दुर्व्यवहार करता है। राजनेता हमारे मालिक बन गये हैं। और लोकसेवक फिर से सरकार के सेवक बन गये हैं। हमारी हैसियत मालिक की नहीं, बल्कि प्रजा की हो गई है। हमारे अंदर ऐसी हिन भावना भर दी गई है। की हमने अपनी अपमानजनक स्थिति को स्वीकार कर लिया है। और हम हीन भावना से इतने ग्रसित है कि हमारे अंदर विद्रोह की भावना बनती ही नहीं।

## सारण में शीघ्र गठित होगा प्रबुद्धजनों का संगठन



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार की धरती प्राचीन काल से बदलाव की भूमि रही है। दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने वाला यह भूमि सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यवस्था परिवर्तन हेतु विख्यात रहा है। जब-जब देश व प्रदेश में जुल्म,अत्यचार, लोकतंत्र का चीरहरण एवं भ्रष्टाचार बढ़ा है बिहार की भूमि से एक नई क्रांति का आगाज हुआ है। वर्तमान समय मे राजनेता जातिवाद के बीज को समाज मे डाल कर चुनाव के समय राजनैतिक फसल काट रहें हैं। समाज के 95 प्रतिशत जनता अपने घरों में कैद होकर इनसब चीजों को मूकदर्शक बन कर देख रही है। इसके लिए कोई राजनेता जिम्मेवार नही है बल्कि हमसब जिम्मेवार हैं। हमसभी अपनी जिम्मेवारी को समझ नही पाते हैं जिसका लाभ राजनैतिक दल उठा रहे हैं। व्यवस्था परिवर्तन के लिए समाज के प्रबुद्धजनों को बीड़ा उठाना होगा तभी विकृति को समाप्त किया जा सकता है। शुक्रवार को छपरा सर्किट हाऊस में बोलते हुए तेलांगाना के पूर्व डीजीपी व बिहार में एसटीएफ के गठनकर्ता वरीय आईपीएस विनय कुमार सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि बिहार व भारत की भूमि ईमानदार राजनेता, व्यापारी, पदाधिकारी सहित आमलोग पैदा करना बंद कर दिया है। इसका कारण है कि हमलोगों ने ईमानदारी की फसलों को पानी देना बंद कर दिए हैं। अब वक्त आ गया है कि हमलोग एक बार फिर से समाज मे ईमानदारी की फसल को पानी देना शुरू करें ताकि आने वाला भविष्य सुरक्षित व गौरवान्वित रह सकें।

वर्तमान अध्यक्ष जेल सुधार समिति उत्तराखंड और वर्तमान उत्तराखंड व उड़ीसा राज्य के सलाहकार विनय कुमार सिंह इन दिनों बिहार के सभी जिलों का भ्रमण कर महापरिवर्तन अभियान को गति देने में जुटे हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, गरीबी उन्मूलन, भ्रस्टाचार निवारण एवं अन्य समस्याओं के समाधान हेतु गैरराजनीतिक संगठन के माध्यम से क्लब गठित कर इसे अस्तित्व में लाना उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बड़ा बदलाव समय माँगती है। समाज के प्रबुद्ध लोग ही बदलाव की नींव रख सकते हैं। आजादी की लड़ाई से लेकर दुनिया के बड़े से बड़े क्रांति में भी प्रबुद्ध जनों का ही अहम योगदान रहा है। आम जनता भोली-भाली होती है। वे सामाजिक, आर्थिक , शैक्षणिक व राजनैतिक रूप से प्रगाढ़ नही होते हैं। ऐसी स्थिति में प्रबुद्धजनों को ही नेतृत्व करना पड़ता है। इसके लिए उन्होंने समाज के डॉक्टर, अधिवक्ता, प्रोफ़ेसर, व्यापारी वर्ग आदि प्रबुद्ध नागरिकों को आगे आने की वकालत कीं। मौके पर आभाष रंजन, पत्रकार ज़ाकिर अली, डॉ सुनील प्रसाद, डॉ राकेश शर्मा, संतोष शर्मा आदि उपस्थित थे।

## शराब के नशे में धुत पंचायत समिति सदस्य गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड के घोरहट पंचायत के पंचायत समिति सदस्य व सारण जिला भाजपा के अनुसूचित जाति व जनजाति प्रकोष्ठ को जिलाध्यक्ष प्यारे अंगद को मांझी थाना पुलिस ने शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार कर छपरा जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि गुरुवार की देर शाम बीडीसी थाना बाजार के समीप नशे की हालत में अपनी बाइक खड़ी कर शोर मचा रहे थे इसी दौरान डायल 112 पुलिस की नजर उनपर पड़ी और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए बीडीसी सह भाजपा नेता को छपरा न्यायालय भेज दिया।

## खेल प्रतिभागियों को दिलाई गई मतदाता शपथ, मतदान के महत्व की दी गई जानकारी


**दैनिक खोज खबर/छपरा।** स्थानीय राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित दिव्यांगजन खेल प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित खेल प्रतिभागियों एवं आम जनमानस को मतदान जागरूकता अभियान के तहत मतदाता शपथ दिलाई गई. जिला दिव्यांग्जन सशक्तिकरण कोषांग की सहायक निदेशक सह स्वीप नोडल प्रभारी पूजा कुमारी ने सभी खेल प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलाया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबों की सहभागिता है. भारत के नागरिक के रूप में हम अपनी पूर्ण आस्था रखते है. देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने एवं निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन जरूरी है. सुश्री कुमारी ने कहा कि सभी खिलाड़ी भी आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि निर्वाचक सभी अपने मताधिकारी का प्रयोग कर एक सशक्त एवं मजबूत सरकार के गठन में अपनी भूमिका निभाए. इस दौरान मतदाता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत छपरा नगर आयुक्त सुनील कुमार द्वारा स्लोगन एवं हस्ताक्षर कर किया गया. मौके पर जिला जन संपर्क अधिकारी सह नोडल स्वीप कोषांग प्रभारी रविन्द्र कुमार ने कहा कि स्वीप कोषांग के जरिए जिले के सभी प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. निर्वाचक साक्षरता क्लब के माध्यम से ग्रामीण इलाको में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. जिससे आम जनता को मतदान के महत्व और उनकी सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है. खेल प्रतियोगिता में सारण, सीवान और गोपालगंज के खेल प्रतिभागियों के साथ वृहद संख्या में आम जनता ने भी भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया. इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी शमीम अख्तर, स्वीप कोषांग के राकेश कुमार सिन्हा, संतोष कुमार, विनय कुमार सिंह, फारुख अली, यशपाल कुमार सहित कई खेल शिक्षक भी मौजूद थे ।




## माले के प्रखंड सम्मेलन में अनुज बने सचिव

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** शुक्रवार को थानाक्षेत्र के भोरहां मे भाकपा माले का दसवां प्रखंड पार्टी सम्मेलन हुआ। जिसमें सबसे पहले पार्टी का झंडातोलन चन्द्रेश्वर सहनी ने किया। झंडातोलन के पश्चात सभी शहीद साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडली के नेतृत्व में सम्मेलन की कार्रवाई हुई।अध्यक्ष मंडल में शामिल कामरेड अनुज कुमार, बीरेंद्र कुमार तथा सुशिल पाण्डेय ने सभी गतिविधियों को नियमानुसार संचालित किया।मुख्य अतिथि के रुप में इन्द्रजीत चौरसिया तथा राम एकबाल जी उपस्थित थे।जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला सचिव सभा राय उपस्थित थे। सम्मेलन के अंत में तेरह सदस्यीय समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया।जिसमें अनुज कुमार दास को प्रखंड सचिव की जिम्मेवारी दी गई।






## हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतिस्पर्धा में चयनित प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत : प्राचार्य डॉ. उदय शंकर पांडेय

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय राजेन्द्र कॉलज में आयोजित हिंदी सप्ताह के अंतिम दिन काव्य-पाठ का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग की तरफ से आयोजित काव्य पाठ प्रतिस्पर्धा में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो (डॉ) उदय शंकर पाण्डेय ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. पूनम सिंह , डॉ. गौरव सिंह तथा डॉ. रजनीश कुमार यादव शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश चौबे (शाखा प्रबंधक, ग्रामीण बैंक) तथा राकेश कुमार %विद्यार्थी% ( भूतपूर्व सैनिक, भारतीय सेना) उपस्थित थे। काव्य-पाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागी - सुरुचि, शालिनी, पल्लवी, ऋद्धि, अरविन्द, राकेश, शिवांगी, शिवानी आदि शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस पर पत्र-लेखन, निबंध, श्रुतिलेखन, प्रश्नोत्तरी एवं काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी स्पर्धाओं में विजेता प्रतिभागियों को कॉलेज प्रशासन द्वारा पुरस्कृत कर उनके मनोबल को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। शनिवार को विजेताओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत कर उन्हें प्रस्सतिपत्र सौपा जाएगा। इस मौके पर कॉलेज शिक्षक संघ के सचिवडॉ. प्रशांत कुमार सिंह, डॉ. देवेश रंजन, डॉ. नवीन सिंह, डॉ. इस्तियाख अहमद, डॉ. निधि कुमारी, डॉ. विशाल सिंह, डॉ. ज्योति, डॉ. सुनील कुमार पाण्डेय, डॉ. बेठियार सिंह साहू, डॉ. रविकांत सिंह आदि उपस्थित थे।



## एसपी ने प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

**सिवान।** पुलिस केंद्र के बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों की ट्रेनिंग और परेड का निरीक्षण करने शुक्रवार को एसपी मनोज कुमार तिवारी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षु सिपाहियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने प्रशिक्षु सिपाहियों के रहने, खाने और दैनिक आवश्यकताओं से जुड़ी सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बताया कि प्रशिक्षु सिपाही के पीटी परेड में प्राप्त त्रुटियों के सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने जवानों को बताया कि परेड सिपाहियों की शारीरिक व मानसिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। परेड का उद्देश्य सिपाहियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखना है, ताकि वे अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से कर सकें। यह परेड पुलिस विभाग में अनुशासन और एकरूपता को बढ़ावा देने में भी मदद करती है।

## धोखाधड़ी मामले में एक गिरफ्तार

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के सहलौर गांव में पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में थानाध्यक्ष विकाश कुमार बिट्टू ने बताया कि कांड संख्या 27/25 मामले में सहलौर निवासी शेषनाथ तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक भूमि के खरीद-बिक्री में धोखाधड़ी करने का काम करता था। जिसको लेकर मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद टीम गठित कर कार्रवाई की गई है। जिसे गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ कर जेल भेज दिया गया है।

## मांगों को लेकर रेलवे यूनियन के कर्मियों ने जंक्शन पर किया प्रदर्शन

**सिवान।** आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के राष्ट्व्यापी आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को एनई रेलवे मजदूर यूनियन ने जंक्शन पर प्रदर्शन किया। उनकी मांगों मेंआठवें वेतन आयोग के गठन, बोनस के सीलिंग को सातवें वेतन आयोग के आधार पर किए जाने एवं यूपीएस में दस प्रतिशत कटौती को वापस लिए जाना शामिल है। प्रदर्शन में शामिल कर्मी सिग्नल कार्यालय विद्युत होते हुए इंजीनियरिंग कार्यालय, रेलवे कालोनी, एईएन आफिस पहुंचे और पुनः इंजीनियरिंग कार्यालय पर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के शाखा मंत्री कामरेड विनोद रंजन गिरि एवं अध्यक्षता अध्यक्ष कामरेड सुधीर सिंह ने की। शाखा मंत्री ने कहा की दिल्ली में चुनाव के समय हीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आठवें वेतन आयोग की घोषणा की गई, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी वेतन आयोग की कमेटी द्वारा इसकी घोषणा नहीं की गई। इससे रेल कर्मचारियों में एवं अन्य केंद्रीय कर्मचारी एवं राज्य भर के कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। प्रदर्शन में अब्दुल मजीद खां, मोहम्मद जान खां, सत्येंद्र पंडित मोहम्मद तौफीक, राकेश कुमार, अभिषेक कुमार, कमर अली, सुभाष यादव, रजनीश सिंह , विकास कुमार सहित कर्मचारी एवं यूनियन पदाधिकारी शामिल थे।

## चिकित्सक की लापरवाही से प्रसव के दौरान नवजात की मौत

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोड़ के समीप एक निजी क्लीनिक में प्रसव के दौरान एक नवजात की मौत हो गई। इसके बाद स्वजनों ने हंगामा किया। हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर स्वजनों को शांत कराया। बताया जाता है कि दारौंदा थाना क्षेत्र के पिनर्थु निवासी नेहा सिंह को प्रसव पीड़ा हुई। इस दौरान स्वजनों द्वारा पकड़ी मोड़ स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। हालांकि 24 घंटे तक चिकित्सक द्वारा प्रसव को लेकर लापरवाही बरती गई। इसके बाद नवजात की मौत हो गई। मौत की सूचना जैसे ही स्वजनों को लगी तो स्वजन हंगामा करने लगे।

## पुत्र की हत्या मामले में माता-पिता और भाई गिरफ्तार

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिहौता बाजार निवासी परशुराम प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार की हत्या के मामले में स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार की रात छापेमारी कर उसके माता-पिता सहित भाई को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी मनीषा देवी ने थाना में आवेदन देकर अपने पति की हत्या की प्राथमिकी कराई थी। उसने आवेदन में ससुर परशुराम प्रसाद, सास पूनम देवी, देवर मंटू कुमार और ननद को नामजद किया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर गुरुवार की रात्रि आरोपितों के घर पर छापेमारी की गई, जहां से मृतक के पिता परशुराम प्रसाद, माता पूनम देवी और भाई मंटू कुमार को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि आपसी विवाद में 28 जनवरी को सोनू कुमार की हत्या कर दी गई थी।

## सिसवन : मारपीट में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**परवेज अख्तर/सीवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के जेलर साहब के मठिया में 31 अगस्त को रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में घायल महिला की पटना में इलाज के दौरान गुरुवार की रात मौत हो गई। मृतका की पहचान संजू देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते हीं स्वजनों में कोहराम मच गया। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। ज्ञात हो कि ,मारपीट की घटना में 10 लोग घायल हो गए थे, इसमें संजू देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक द्वारा पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। स्वजन उनका इलाज पटना स्थित निजी अस्पताल में करा रहे थे, जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। स्वजन शव लेकर गांव पहुंचे और दाह संस्कार कर दिए। इस घटना में पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्वच्छता अभियान चलाकर की गई जरती मां मंदिर परिसर की साफ-सफाई

**महाराजगंज (सिवान)।** भाजपा द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा दिवस मनाया जा रहा है। शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर शहर के प्रसिद्ध जरती मां मंदिर परिसर की साफ सफाई की। भाजपा पूर्वी के जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुड़िया कुमारी, नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, भाजपा की सुप्रिया जायसवाल आदि ने पूरे मंदिर परिसर की साफ-सफाई कराई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्व के सर्वमान्य नेता हैं। उनका जन्मदिन इस बार पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए पूरे देश में स्वच्छता अभियान चला रहा है। साथ ही कहा कि लोगों को इसके लिए भी जागरूक किया जाएगा।

# सीवान के थाना में घुसकर शरारती तत्वों ने थानाध्यक्ष के साथ की मारपीट,अफरा तफरी

**परवेज अख्तर/सीवान।** चैनपुर थाना में गुरुवार की देर शाम शरारती तत्वों ने थाना में घुसकर उत्पात मचाया है तथा थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस बलों के साथ मारपीट की है। हमलावरों की संख्या करीब 10-12 बताई जाती है। इस घटना के बाद थाना परिसर में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। इस मामले में थानाध्यक्ष विजय रंजन कुमार के बयान पर सात नामजद एवं चार-पांच अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। वहीं पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है।गिरफ्तार लोगों में सिसवन थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी मोहम्मद निजीरउद्दीन आलम, मोहम्मद जुनेद आलम एवं इकबाल अंसारी शामिल हैं। जिनसे पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार की देर शाम करीब आठ बजे कठतल पुल के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी बिना हेलमेट लगाए एक हीं बाइक पर सवार होकर दो युवक तेजी से हसनपुरा की ओर जा रहे थे। जब मैंने पुलिस बलों की मदद से उन्हें रोका तो वे दोनों जवानों के साथ उलझ गए। उन दोनों ने धमकी देते हुए कहा कि चलो थाना पर आकर बताते हैं। गुरुवार की रात करीब नौ बजे जब वाहन चेकिंग एवं विशेष छापेमारी के बाद थाना वापस आया तो करीब चार-पांच बाइक से 10-12 व्यक्ति थाना में पहुंचे और हो-हल्ला एवं गाली गलौज करने लगे। जब उन लोगों को गाली नहीं देने को कहा गया तो वे सभी थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों के साथ धक्कामुक्की करने लगे। बता इतनी बढ़ गई कि वे सभी उनकी वर्दी का कालर पकड़कर खींचने लगे तथा जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान उन्हें तथा अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को चोटें आई। इस क्रम में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में सिसवन थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी मोहम्मद निजीरउद्दीन आलम, मोहम्मद जुनेद आलम एवं इकबाल अंसारी शामिल हैं।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 97 बच्चियों को लगाया गया एचपीवी का टीका

**आंदर (सिवान)।** मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए छात्राओं को एचपीवी का टीका लगाया जा रहा है। शुक्रवार को प्रखंड के उच्च माध्यमिक व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरवां परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत नौ से 14 आयु की 97 बच्चियों को एचपीवी का वैक्सीन लगाया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। अभियान के क्रम में ओरल हाइजीन, मेस्ट्रूअल हाइजीन और अन्य स्वास्थ्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। ताकि बच्चियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया गया। मौके पर डा. आयुषी, डा. सत्येंद्र कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अरविंद कुमार राय, प्रखंड स्वास्थ्य उत्प्रेरक मधुरेंद्र कुमार, प्रीतम कुमार आदि उपस्थित थे।

## ट्रक की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौत, पुत्र का इलाज कर घर लौट रही थी महिला

**परवेज अख्तर/सीवान।** जामो थाना क्षेत्र के जामो बाजार के समीप ट्रक की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई .मृत्यु की पहचान गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र के अमेठी कला निवासी सुनील मांझी के 45 वर्षीय पत्नी निर्मला देवी के रूप में की गई. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि निर्मला देवी,उसका पुत्र पप्पू और उसकी बहन का पुत्र एक बाइक पर सवार होकर एक चिकित्सक के यहां इलाज करने के लिए गए थे .जहां इलाज करने के बाद वह वापस अपने घर लौट रहे थे. अभी वे लोग जामो बाजार के समीप ही पहुंचे थे .तब तक पीछे से तेज रफ्तार से आ रही है ट्रक ने उनके बाइक में ठोकर मार दिया .जहां तीनों गिर पड़े तभी निर्मला देवी को ट्रक ने रौंद दिया.जहां घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. इसके बाद किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. वही बाजार में मौजूद लोगों ने ट्रक को पकड़ लिया. जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया. इधर पुलिस कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को शौप दी और मामले की जांच में जुटी हुई है ।

# सीवान : 90 पुड़िया स्मैक व दो लाख नकद के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** मुफस्सिल थाना की पुलिस ने स्मैक की बिक्री की सूचना पर थाना क्षेत्र के खुरमाबाद स्थित ललित बस स्टैंड के समीप छापेमारी कर पांच तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनके पास से 90 पुड़िया स्मैक, दो लाख रुपया नकद सहित 10 बंडल कागज रैपर व एक बंडल पालिथीन बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में जीरादेई थाना क्षेत्र के नंदपाली निवासी रंजन कुमार यादव, बड़हरिया थाना क्षेत्र के कोइरीगांवा निवासी अंकित कुमार, शैलेंद्र कुमार, राज कुमार व बड़हरिया निवासी अमर सोनी शामिल हैं। इस मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास ने बताया कि गुरुवार की देर रात गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के खुरमाबाद स्थित ललित बस स्टैंड के समीप एक व्यक्ति द्वारा प्रतिबंधित स्मैक की बिक्री की जा रही है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक पिंटु कुमार के नेतृत्व में पुलिस अवर निरीक्षक अख्तर अली, पुलिस अवर निरीक्षक उपेंद्र राय तथा पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई। जहां से रंजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर नगर थाना क्षेत्र के पाल नगर स्थित एक मकान सहित अन्य जगहों पर छापेमारी की गई। जहां से अन्य चार को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से नशीला पदार्थ व नकद बरामद किया गया। इस संदर्भ में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 678/25 दर्ज किया गया।

## गोरेयाकोठी – लोडेड कट्टा व चाकू के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस नियमित रूप से गश्त व वाहन जांच अभियान चला रही है। इसी क्रम में दो बदमाशों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि 17 सितंबर की देर शाम टीम के साथ विशेष छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में मुस्तफाबाद बाजार में वाहन जांच शुरू किया गया। जहां एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे व पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस बलों के सहयोग से पकड़ लिया गया। दोनों युवकों की जब तलाशी ली गई तो थाना क्षेत्र के शेखपुरा महम्मदपुर निवासी करन कुमार के पास से लोडेड कट्टा व एक मोबाइल तथा गोपालगंज के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के पिपरा भगवानपुर निवासी रूपेश कुमार के पास से फाइटर व फोल्डेबल चाकू बरामद किया गया। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही बाइक सहित अन्य बरामद सामानों की जब्ती सूची तैयार की गई। दोनों की गिरफ्तारी की सूचना उनके स्वजनों को भी दी गई। दोनों से पूछताछ के बाद गुरुवार को अगली कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया।

